दिनांक 05.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के लिए डॉक्यूमेंटेशन ऑनलाइन का कार्य भी पूर्ण किया भिलाई निगम ने'

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं नगर निगम के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के दिशा निर्देश पर सतत कार्य करते हुए भिलाई स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में पूरे देश में प्रथम आने के लिए अपनी पूरी तैयारी कर रहा है तथा नगर निगम एवं बीएसपी प्रबंधन संयुक्त टीम स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 की तैयारियों में जोर शोर से लगी हुई है।

भिलाई नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में अधिक से अधिक अंक अर्जित करने के लिए विभिन्न प्रयास किए हैं इसी चरण में भिलाई ने छत्तीसगढ़ में प्रथम ओडीएफ प्लस प्लस की घोषणा एवं स्वच्छता एप डाउनलोड में प्रथम होने का क्रम बरकरार रखा है साथ ही सेवन स्टार की रेस में शामिल होने जा रहा है!

स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के मापदंड के आधार पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की दस्तावेज ऑनलाइन किया जाना होता है जिसे भिलाई निगम ने पूर्ण कर लिया है।

5000 अंक के प्रतियोगिता में दस्तावेज ऑनलाइन में भी अंक निर्धारित किए गए हैं।

अंको के बंटवारे की बात करें तो नागरिक प्रतिक्रिया में 1250 अंक, प्रत्यक्ष अवलोकन में 1250 अंक, प्रमाणीकरण में 1250 अंक, सेवा स्तर प्रगति का स्वतंत्र अवलोकन में 1250 अंक निर्धारित है।

निगम के अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है सुबह से ही अधिकारी कर्मचारी क्षेत्र भ्रमण पर निकलते हैं एवं बाजार क्षेत्रों में रात्रि कालीन सफाई का जायजा ले रहे है।

निगम का पूरा अमला स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 की तैयारियों में कार्य कर रहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी